नवाचार पर भारत-जर्मनी सहयोग

प्रलिम्सि के लयि:

नवाचार पर भारत-जर्मनी सहयोग, आर्टफिशियिल इंटेलजिंस और 6G, ग्रीन हाइड्रोजन, SDG, IPOI

मेन्स के लयि:

नवाचार पर भारत-जर्मनी सहयोग

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री की जर्मन-चांसलर के साथ हुई मुलाकात में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी पर सहयोग बढ़ाने हेतु **एक वज़िन दस्तावेज़** पर सहमति व्यक्त की गई।

- इसे दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मध्य हस्ताक्षरति अब तक का **व्यापक आर्थकि दस्तावेज़** माना जाता है।

//

विज़न दस्तावेज़:

- यह उद्योगों के मध्य संबंधों को गहरा करने और **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** और 6G जैसी उन्नत तकनीकों के विकास पर सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित है।
- इसका उद्देश्य मानवता को लाभ पहुँचाना है और दोनों देशों के **साझा लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सार्वभौमिक मानवाधिकारों का सम्मान करना है।**
  - भारत और जर्मनी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अनुसंधान तथा नवाचार में सहयोग का लंबा इतिहास साझा करते हैं, जिसे **मई 1974 में हस्ताक्षरित 'वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी विकास में सहयोग'** पर अंतर-सरकारी समझौते के ढाँचे के तहत संस्थागत रूप दिया गया था।

बैठक के प्रमुख बिंदु:

- **हरित और सतत् विकास साझेदारी:**
  - दोनों देशों ने **हरित और सतत् विकास साझेदारी (Green and Sustainable Development Partnership- GSDP)** की प्रगति पर चर्चा की, जिसे भारत और जर्मनी ने छठे अंतर-सरकारी परामर्श (Inter-Governmental Consultations- IGC) के लिये भारतीय प्रधानमंत्री की बर्लिन यात्रा के दौरान शुरू किया था।
  - GSDP राजनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करने वाली एक अम्ब्रेला साझेदारी है और जलवायु कार्रवाई तथा **सतत् विकास लक्ष्यों** को हासिल करने की दिशा में विभिन्न देशों के बीच संबंधों को मज़बूती प्रदान करती है।
  - जर्मनी, भारत में अपने विकास सहयोग कार्यक्रम में **अतिरिक्त 10 बिलियन यूरो का योगदान देगा।**
- **हरित हाइड्रोजन:**
  - दोनों देश **हरित हाइड्रोजन** पर आपसी सहयोग करने पर सहमत हुए।
  - भारत-जर्मन हरित हाइड्रोजन टास्क फोर्स का गठन सितंबर 2022 में किया गया था और जल्द ही इस संबंध में एक कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाना प्रस्तावित है।
- **त्रिकोणीय विकास सहयोग:**
  - छठे IGC के दौरान भारत और जर्मनी तीसरे देशों में विकास परियोजनाओं पर काम करने पर सहमत हुए।
  - **मई 2022 में घोषित चार परियोजनाएँ कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं:**
    - **कैमरून:** रूटेड एपिकल कटिंग्स (RAC) टेक्नोलॉजी के ज़रिये आलू के बीज का उत्पादन।
    - **मलावी:** कृषि और खाद्य प्रणालियों में महिलाओं के लिये कृषि व्यवसाय इनक्यूबेटर मॉडल।
    - **घाना:** घाना में सतत् आजीविका और आय सृजन के लिये बाँस आधारित उद्यमों का विकास।
    - **पेरू:** पेरू के विकास और सामाजिक समावेश मंत्रालय (MIDIS) के हस्तक्षेप तथा सामाजिक कार्यक्रमों की योजना, निगरानी दीद एवं मूल्यांकन के लिये एक भू-स्थानिक पोर्टल प्रोटोटाइप का विकास।
- **भारत-प्रशांत महासागर पहल:**
  - जर्मनी **हिंद-प्रशांत महासागर पहल (Indo-Pacific Oceans Initiative- IPOI)** में शामिल हो गया है।
- **पनडुब्बियाँ:**
  - दोनों देशों ने संयुक्त रूप से भारतीय नौसेना के लिये छह पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिये प्रस्तावित सौदे पर चर्चा की।

जर्मनी

- **सीमावर्ती देश:** जर्मनी नौ देशों **फ्राँस, लक्ज़मबर्ग, डेनमार्क, बेल्जियम, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रिया, चेक गणराज्य, नीदरलैंड और पोलैंड के साथ सीमा साझा करता है।**
- **अवस्थिति:** यह मध्य यूरोप में **बाल्टिक सागर** और उत्तरी सागर की सीमा में स्थित है।
- **नदियाँ:** डेन्यूब, राइन, एम्स, वेसर, एल्ब और ओडर
- **वन:** ब्लैक फॉरेस्ट **स्विस सीमा के पास दक्षिण पश्चिम में स्थित जर्मनी का सबसे बड़ा और सबसे प्रसिद्ध जंगली क्षेत्र है** । यह यूरोप की **सबसे लंबी नदियों में से एक डेन्यूब नदी का स्रोत है।**
- **सरकार का स्वरूप:** जर्मनी **संघीय संसदीय गणतंत्र है** जिसमें राष्ट्रपति राज्य के प्रमुख के रूप में और चांसलर सरकार के प्रमुख के रूप में होते हैं।
- **मुख्य औद्योगिक क्षेत्र:** रूर, हनोवर, म्यूनिख, फ्रैंकफर्ट एम मेन और स्टटगार्ट।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है? (2009)

शहर	**नदी**
(a) बर्लिन	राइन
(b) लंदन	थेम्स
(c) न्यूयॉर्क	हडसन
(d) वियना	डेन्यूब

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- बर्लिन स्प्री नदी के तट पर स्थित है, जो जर्मनी और उत्तरी चेक गणराज्य से होकर गुज़रती है।

अतः विकल्प (a) सही है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-germany-cooperation-on-innovation